आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–18 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज एक देश–एक चुनाव से जुड़ी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति की सिफारिश को मंजूरी प्रदान कर दी है। समिति ने देश में केंद्र, राज्यों और स्थानीय निकायों के एक साथ चुनाव कराने से जुड़ी व्यवस्था पर अपनी सिफारिशें प्रदान की है।

केंद्रीय मंत्री अश्विन वैष्णव ने आज कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि अब सरकार इस विषय पर व्यापक समर्थन जुटाने का प्रयास करेगी और समय आने पर इस पर संविधान संशोधन विधेयक लाया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों और बड़ी संख्या में पार्टी के नेताओं ने वास्तव में एक देश एक चुनाव की पहल का समर्थन किया है। उच्च स्तरीय बैठकों में बातचीत के दौरान वे अपना इनपुट बहुत संक्षिप्त तरीके और बहुत स्पष्टता के साथ देते थे। हमारी सरकार उन मुद्दों पर आम सहमति बनाने में विश्वास करती है। जो लंबे समय में लोकतंत्र और राष्ट्र को प्रभावित करते हैं।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज जनपद गाजियाबाद में 757 करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर सीएम ने दस हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र एवं छह हजार से अधिक युवाओं को टैबलेट/स्मार्टफोन प्रदान किया।

अपने संबोधन में श्री योगी ने कहा कि गाजियाबाद के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध है। आज से सात वर्ष पहले जो लोग गाजियाबाद आए होंगे वो आज के गाजियाबाद को पहचान नहीं पाएंगे। आज गाजियाबाद के पास 12 लेन का दिल्ली–गाजियाबाद–मेरठ हाईवे है। देश की पहली रेपिड रेल, मेट्रो और एयरपोर्ट की सुविधा भी आज गाजियाबाद के पास है। बहुत जल्द हम लोग एम्स दिल्ली के एक सैटेलाइट सेंटर भी गाजियाबाद को देने जा रहे हैं।

****

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नाबालिगों के लिए एनपीएस–वात्सल्य योजना का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। इसके अलावा योजना की सदस्यता लेने वाले लाभार्थियों को परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नंबर भी प्रदान किया। प्रदेश के छह जनपदों समेत 75 स्थानों पर भी योजना को लांच किया गया। प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत अयोध्या, सहारनपुर, लखीमपुर खीरी, देवरिया और संभल कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। यह स्कीम नेशनल पेंशन स्कीम के तहत जारी की गई है।. इसके तहत माता–पिता अपने बच्चों के लिए फंड इकठ्ठा कर सकेंगे, जबकि बच्चे की उम्र 18 साल पूरी होने के बाद यह एनपीएस में अपने आप बदल जाएगी। एनपीएस वात्सल्य के तहत निवेश और पेंशन कंट्रीब्यूशन के लिए एक आसान विकल्प मिलता है। इस योजना के तहत सालाना आधार पर 1,000 रुपये से इंवेस्टमेंट की शुरुआत की जा सकती है, अधिकतम निवेश की कोई सीमा नहीं है। इस योजना पर चक्रवृद्धि ब्याज मिलता है, जो बच्चों के वित्तीय भविष्य सुरक्षा को सुनिश्चित करता है।

****

प्रदेश में फलों और सब्जियों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार ने 73 जनपदों में हाईटेक नर्सरी बनाने का निर्णय लिया है। इस अनूठी पहल से न केवल सब्जियों और फलों की उपज बढ़ेगी बल्कि उनकी गुणवत्ता में भी सुधार होगा। जानकारी के अनुसार ये नर्सरी मनरेगा की मदद से बनेगी। अब तक 36 पौधशालाएं तैयार हो चुकी हैं। शीघ्र ही 16 नर्सरी पर कार्य प्रारंभ होगा। इन हाईटेक नर्सरी में पौधे को नियंत्रित तापमान और नमी में तैयार किया जाता है। लिहाजा ये पौधे निरोग होते हैं। गुणवत्ता भी बेहतर होती है।

****

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में भाग लेने वाले 9वीं और 11वीं कक्षा के छात्रों का पंजीकरण आज से शुरू हो गया है। सीबीएसई की अधिसूचना के अनुसार पंजीकरण की अंतिम तिथि 16 अक्टूबर है। सीबीएसई से संबद्ध विद्यालय cbse.gov.in. पर अपने छात्रों का पंजीकरण करवा सकते है।

****

पितरों के श्राद्ध और तर्पण को समर्पित पितृपक्ष की शुरूआत आज अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हो गई है। धर्म नगरी काशी में आज पहले दिन प्रतिपदा तिथि का श्राद्ध करने के लिए श्रद्धालु गंगा तट और विमल तीर्थ पिशाच मोचन कुंड पर पहुंचे। गंगा तट पर बाढ़ के चलते श्राद्ध करने पहुंचे लोगों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा। लोगों ने श्रद्धापूर्वक अपने पूर्वजों को स्मरण कर कर्मकांडी पंडितों की देखरेख में श्राद्ध कर्म किया। दशाश्वमेध घाट, सिंधिया घाट, अस्सी घाट सहित पिशाच मोचन कुंड पर श्रद्धा के लिए लोगों की भीड़ दिखी।

****

प्रदेश में भारी वर्षा के कारण गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। इसके कारण बदायूं, गाजीपुर, बलिया और फर्रुखाबाद में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। कानपुर, कानपुर देहात और वाराणसी में लगातार बढ़ रहे जलस्तर से घाट पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा नदी किनारे के ग्रामीण क्षेत्रों को खाली कराया जा रहा है। इसमें अभी तक 300 से अधिक गांवों को पूरी तरह से खाली करा लिया गया है।

****